Downloaded from www.studiestoday.com

## पाठ -2

# इन्डो चाइना में राष्ट्रवादी आन्दोलन

***याद रखने योग्य बाते :-***

1 समन्वयवाद :- एक ऐसा विश्वास जिसमें विभिन्नताओं की बजाए समानताओं पर ध्यान देते हुए अलग-अलग मान्यताओं और आचारों को एक दूसरे के साथ लाने का प्रयास किया जाता है।

2. यातना शिविर - एक प्रकार की जेल जिसमें कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना ही लोगों को कैद में डाल दिया जाता है और उन्हें कठोर यातनाऐं दी जाती है।

3. गणतंत्र :- आम जनता की सहमति और जन-प्रतिनिधित्व पर आधारित शासन व्यवस्था।

4. सुधार विरोधी :- ऐसा व्यक्ति या विचार जो लोगों का गुमराह करने वाला हो।

5. उपनिवेशवाद :- जिसमें एक शक्तिशाली राष्ट्र दूसरे राष्ट्र या राष्ट्रो पर शासन करता है।

6. साम्यवाद :- साम्यवाद एक राजनैतिक आन्दोलन है जो एक ऐसी आर्थिक व्यवस्था में विश्वास करता है जिसमे राज्य जनता की ओर से सभी उत्पादन साधनों पर नियंत्रण रखता है। इसका उद्देश्य समाज में सभी को समानता अधिकार देना है।

7. साम्राज्यवाद :- ऐसी व्यवस्था है जिसमें एक देश दूसरे देशों पर शासन करता है।

8. नापाम :- अमेरिका में विकसित किया एक ऐसा ऑर्गेनिक कपाउंड जो धीरे-धीरे जलता है और मानव त्वचा के संपर्क में आने पर उससे चिपक कर त्वचा को जलाता रहता है।

बहुविकल्पी प्रश्न

1. इंडो चाइना ने अपनी स्वतंत्रता कब प्राप्त की?

(क) 1945 में (ख) 1947 में (ग) 1948 में (घ) 1973 में

2. फ्रांसीसी सेना .......... में वियतनाम में उतरी?

(क) 1988 में (ख) 1880 में (ग) 1958 में (घ) 1860 में

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

3. इनमें से कौन-सा देश इंडो-चाइना में सम्मिलित नहीं है?

(क) वियतनाम (ख) म्यांमार (ग) लाओस (घ) काम्बोडिया

4. वियतनाम पर किस देश का गहरा प्रभाव पड़ा?

(क) चीन (ख) जापान (ग) रूस (घ) भारत

5. उपनिवेशों को क्यों स्थापित किया गया?

(क) स्थानीय लोगो की भलाई के लिये

(ख) स्थानीय लोगों को शिक्षित करने के लिए

(ग) साम्राज्यवादी देश की भलाई के लिए

6. टोकिन फ्री स्कूल की स्थापना कब की?

(क)1907 (ख) 1927 (ग) 1920 (घ) 1917

7. होआ होआ आन्दोलन के संस्थापक कौन थे?

(क) फान बोई चाऊ (ख) फान चाऊ ट्रिन्ह

(ग) न्गुईन आन्ह (घ) हुइन्ह फूसो

8. यातना शिविर किन्हें कहा जाता था?

(क) सेना के ठहरने का शिविर

(ख) पुलिस को शिक्षित करने का केन्द्र

(ग) स्थानीय लोगों को यातना देने का शिविर

9. सन यात सेन कौन था?

(क) वह वियतनाम का महान नेता था

(ख) वह चीन का महान नेता था

(ग) वह जापान का महान नेता था

(घ) वह रूस का महान नेता था

10. महामंदी का 1930 के दशक में वियतनाम पर निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव नही था?

(क) जापान में वियतनाम पर कब्जा कर लिया था।

(ख) चावल व रबड़ की कीमतें गिरी थी।

(ग) बेरोजगारी में वृद्धि हुई।

(घ) ग्रामीण विद्रोहों का बोलबाला था।

11. हो ची मिहा के सम्बन्ध में कौन-सा कथन सही नहीं है?

(क) हो ची मिहा वियतनाम लोकतान्त्रिक गणराज्य के अध्यक्ष थे।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(ख) उन्होंने वियतनामी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना की।

(ग) विभाजन के बाद उन्होने दक्षिणी वियतनाम में सत्ता संभाली।

(घ) उन्होंने राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा की मदद की।

12. वियतनाम की ट्रंग बहनो के विषय में कौन–सा कथन सही नही?

(क) ट्रंग बहने फ्रांसीसी सत्ता के विरूद्ध लड़ी।

(ख) वे चीनी सत्ता के विरूद्ध लड़ी।

(ग) फाइ बोई चाऊ ने ढंग बहनों के जीवन पर नाटक लिया।

(घ) उन्होंने शत्रुओं के सामने आत्मसमर्पण करने की बजाय मृत्यु को चुना।

लघु/दीर्घ प्रश्नोत्तर (3/4 अंक)

1. वियतनाम पर फ्रांसीसियों के कब्जे के बाद टकराव क्यों होने लगा? कारण लिखो।

2. वियतनाम की सम्पदा का शोषण करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए फ्रांसीसियों द्वारा उठाये गए कदमों की व्याख्या करो?

3. क्या उपनिवेशों का विकास करना जरूरी है? कारण

4. फ्रांसीसी वियतनाम के लोगों को शिक्षित करना क्यो चाहते थे कारण?

5. वियतनाम में टोकन फ्री स्कूल खोलने के उद्देश्य की व्याख्या?

6. चीन में शुरू हुए 'पूर्व की ओर चलो' आन्दोलन की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए?

7. फ्रांसीसियों द्वारा प्लेग की समस्या को हल करने के लिए उठाये गये उपायों की व्याख्या कीजिए?

8. हो ची मिन्ह भूल भूलैया मार्ग की चार विशेषताएँ लिखो?

9. 1930 में आई महा मन्दी के वियतनाम पर पड़े प्रभाव का वर्णन करो?

10. वियतनाम में औरतों को किस प्रकार योद्धा के रूप में दिखाया गया?

**बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर :-**

(1) (क) 1945 में

(2) (ग) 1958

(3) (ख) मयांमार

(4) (क) चीन

(5) (ग) साम्राज्यवादी देश की भलाई के लिये

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(6) (क) 1907

(7) (घ) हुइन्ह फूसो

(8) (ग) स्थानीय लोगों को यातना देने का शिविर

(9) (ख) वह चीन के महान नेता थे

(10) (क) जापान ने वियतनाम पर कब्जा कर लिया

(11) (ग) वियतनाम विभाजन के बाद उन्होनें दक्षिणी वियतनाम में सत्ता संभाली

(12) (क) ट्रंग बहने फ्रांसीसी सत्ता के विरूद्ध लड़ी।

लघु/दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

**(1) उत्तर :-** (1) फ्रांसीसियों का नियंत्रण सबसे ज्यादा सैनिक व आर्थिक मामलों में था।

(2) उन्होनें वियतनामी संस्कृति को तहस-नहस करने की कोशिश की।

(3) फ्रांसीसियों और उनके वर्चस्व का अहसास करने वाली हर चीज के खिलाफ वियतनाम के लोगों ने विरोध किया।

(4) यहाँ से वियतनाम में राष्ट्रवाद के बीज पड़े।

**(2) उत्तर :-** (1) फ्रांसीसियों ने यहाँ मेकोंग डेल्टा इलाके में खेती बढ़ाने के लिए सबसे पहले नहर बनवाई, जल निकासी का प्रबन्ध (2) लोगों को जबरदस्ती इस काम में लगाया गया। (3) चावल के उत्पादन में वृद्धि हुई। (4) यह संसार का सबसे बड़ा निर्यातक देश बन गया।

**(3) उत्तर :-** (1) उपनिवेशों का विकास गुलाम देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हुआ।

(2) विकास जरूरी है जिससे मुनाफा कमाया जा सकता है।

(3) जीवन स्तर बेहतर होगा वे ज्यादा चीजें खरीदेगें।

(4) बाजार फैलेगा फ्रांसीसी व्यापारियों को फायदा होगा।

**(4) उत्तर :-** (1) सभ्य बनाने के लिए शिक्षा जरूरी थी।

(2) वे सस्ते कलर्क चाहते थे जो उन्हें समझ सके।

(3) प्रशासन व्यवस्था में उनकी सहायता करे।

(4) वे फ्रांस की सांस्कृतिक श्रेष्ठता को देखगें तथा कार्य करने में गर्व महसूस करेगें।

**(5) उत्तर :-** (1) फ्रांसीसी वियतनामियों को पश्चिमी ढंग की शिक्षा देना चाहते थे।

(2) विज्ञान, स्वच्छता और फ्रांसीसी भाषा और साहित्य शामिल थे।

(3) कक्षाऐं शाम को लगती थी। इनके लिए फीस अलग देनी होती थी।

(4) बच्चों को छोटे-छोटे बाल रखने की सलाह दी जाती थी।

**(6) उत्तर :-** (1) 20 वीं सदी के शुरू में चीन मे शुरू।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(2) 300 वियतनामी विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने जापान गए।

(3) वियतनाम से फ्रांसीसियों को निकालना।

(4) जापानियों से हथियार व समर्थन की मांग।

(5) वियतनामी विद्यार्थियों ने टोकियों में रेस्टोरेशन सोसायटी की स्थापाना की।

**(7) उत्तर :-** (1) 1902 में चूहों को पकड़ने की मुहिम शुरू की गई।

(2) चूहे के बदले ईनाम दिया जाने लगा।

(3) ईनाम के चक्कर में चूहे पकड़ते और छोड़ देते।

(4) प्लेग से पीड़ित रोगियों के लिए अस्पताल खोले।

(5) ईनोई नगर में सफाई अभियान।

**(8) उत्तर :-** (1) इस मार्ग पर सड़को का एक बड़ा जाल है जो पड़ोसी देशों से जोड़ता है।

(2) फुटपाथों और सड़कों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से सैनिक व रसद सामग्री भेजी जाती थी।

(3) भूलभूलैया मार्ग पर जगह-2 छोटे सैनिक अड्डे व अस्पताल बने थे।

(4) माल ढुलाई का काम कुली करते थे।

**(9) उत्तर :-** (1) रबड़ व चावल के दाम गिर गये।

(2) कर्जा बढ़ने लगा।

(3) चारों तरफ बेरोजगारी

(4) फ्रांसीसियों ने बगावतों को सख्ती से कुचल डाला।

(5) जुलूसों पर हवाई हमलों से भी बमबारी की गई।

**(10) उत्तर :-** (1) 1960 के दशक के पत्रपत्रिकाओं में दुश्मन से लोहा लेती औरतों की तस्वीर छपने लगी।

(2) योद्धा के रूप में ही नही बल्कि कामगारों के रूप में भी पेश किया गया।

(3) बूढ़ी या जवान औरतों को निस्वार्थ भाव से देश की रक्षा करते दिखाया।

Downloaded from www.studiestoday.com